दिनांक 13.03.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम सूरज पोर्टल का शुभारंभ किया–वंचित वर्गों के एक लाख लाभार्थियों के खाते में सहायता राशि हस्तांतरित की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लगभग सवा लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के किसानो को पीएम कुसुम सौर पंप संयंत्र स्वीकृति–पत्र वितरित किये ।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू की।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण–पीएम सूरज पोर्टल का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने वंचित वर्गों के एक लाख लाभार्थियों के खाते में सहायता राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि सूरज पोर्टल के जरिये वंचित समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं की लाभ की राशि सीधे उनके खातों में मिल सकेगी।

....................

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र–नमस्ते के तहत सफाई मित्रों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किये। इस कार्यक्रम में वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लगभग तीन लाख लाभार्थियों ने भाग लिया। ये कर्मचारी देशभर के पांच सौ से अधिक जिलों से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी लाभार्थी वर्चुअली रूप से जुडे।

राज्यपाल कलराज मिश्र भी इस कार्यक्रम में राजभवन से ऑनलाइन जुड़े। श्री मिश्र ने "पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल" को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में वंचित वर्गों के उत्थान के साथ देश का तेजी से आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र के लिए सामाजिक परिवर्तन के लिए उठाया गया क्रांतिकारी कदम है।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मंत्रिमंडल के सदस्य वर्चुअली रूप से जुड़े। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवा, महिला, गरीब और किसानों के विकास और कल्याण के लिए लगातार काम करती रहेगी। श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव के समय राजनीतिक दल विभिन्न प्रकार के वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनके द्वारा की गयी घोषणाओं की समीक्षा भी की जानी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने करोली जिले के चयनित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की स्वीकृत ऋण राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया। उपमुख्यमंत्री ने वंचित समूहो को ऋण मंजूरी पत्र, सीवर और सैप्टिक टैंक श्रमिकों को पीपीई किट और आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लगभग सवा लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में स्थित हैं। इस कदम से भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास में मदद मिलेगी और देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढेंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आने वाले समय में एक प्रमुख सेमीकंडक्टर विनिर्माण केन्द्र बनने के लिए तैयार है।

ये परियोजनाएं देश को सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

..................

श्री मोदी ने कहा कि चिप निर्माण हमारे देश के युवाओं के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इण्डिया और डिजाइन इन इण्डिया चिप्स देश को आत्मनिर्भता और आधुनिकीकरण की ओर से ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, और अन्य शीर्ष संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कैडेट्स शामिल किए जाने की संभावना है। इस योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना भी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि योजना में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है।

000

बहुजन समाज पार्टी ने राज्य की दो सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने अलवर से फजल हुसैन को अपना प्रत्याशी बनाया है वही श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ सीट से देवकरण नायक को टिकट दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है की पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के निर्देश पर यह घोषणा की गई है।

000

राज्य सरकार की ओर से आज प्रदेश के 50 हज़ार किसानो को पीएम कुसुम सौर पंप संयंत्र के स्वीकृति–पत्र वितरित किये गये। जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वीकृति पत्र जारी किए। इसके तहत 50 हजार से अधिक कृषकों को सोलर पंप पर सब्सिडी मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कृषक कल्याणकारी योजना पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को संबल देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार किसानों से किया हर वादा पूरा करेगी। 100 दिन की कार्य योजना के तहत 20 हजार से ज्यादा कृषि कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों से संबंधित मुद्दों पर प्राथमिकता से फैसले कर ही है।

000

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने मन्दिर के दर्शन करने आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, सुगम यातायात जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सवाईमाधोपुर आगमन पर नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

000

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू की। श्री ठाकुर ने संशोधित न्यूज ऑन एआईआर ऐप भी जारी

किया। उन्होंने प्रसार भारती प्रसारण के लिए साझा ऑडियो विजुअल–शब्द भी जारी किया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि समाचार पत्र और समाचार नेटवर्क कई स्रोतों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसार भारती शब्द, संशोधित वेबसाइट और ऐप, समाचार संगठनों और लोगों तक सूचना प्रसारित करने में लाभदायक होंगे।

000

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आज मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता की प्रदर्शनी लगाई गई। इधर मतदान प्रतिशत बढाने और मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सवाईमाधोपुर में स्काउट गाइड की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान अवश्य करने की अपील की। इस दौरान जागरूकता रैली, रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया ।

000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढोतरी के बाद अब ठंड का असर समाप्त होने लगा है और दिन में गर्मी का असर बढने लगा है। राज्य के ज्यादातर जिलों में अब दिन का पारा 30 डिग्री से उपर दर्ज किया जा रहा है। कहीं कहीं दिन का तापमान 35 डिग्री तक भी पहुंच गया है। रात का पारा भी ज्यादातर स्थानों पर 15 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। जोधपुर के फलौदी में बीती रात न्यूनतम तापमान 22 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, संगरिया में 11 दशमलव एक डिग्री जबकि करौली और माउंट आबू में रात का तापमान 12 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। बीते 24 घंटे में जोधपुर और जैसलमेर में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने आज अलवर, जयपुर और भरतपुर जिलों में कहीं कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

000